तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 7 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बच्चों के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा ...



10 नौ जिलों में औसत से कम बारिश कई तहसीलों में ...



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-11/08/24

## आनंदगांव से निकला कांवरियों का जत्था, सोमनाथ में किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

धर्मधाम सोमनाथ में विराजमान शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए 5 अगस्त को बेरला क्षेत्र के आनंदगाँव से कावरियों का एक बड़ा जत्था बोलबम समिति के तत्वावधान में रवाना हुआ।

इस विशाल कावड़ यात्रा में आकर्षक झांकी के सुप्रसिद्ध कलाकार टोमेश्वर साहू व उनकी टीम एवं उरला-कुम्हारी के जस झांकी अघोरी, शिव नंदी की झांकी टीम द्वारा काफ़ी मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। जो आस पास के लोगों का मनमोह लिया व यात्रा मे जाने हेतु आकर्षित किया। इस यात्रा आनंदगाँव से आयोजन समिति के सदस्य भाजपा मंडल महामंत्री पोषण वर्मा, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य-भोला शंकर वर्मा, भाजयुमो भिम्भौरी अध्यक्ष ताकेश्वर सोनी, उपाध्यक्ष रोहित वर्मा ने श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। यह यात्रा तेलगा, बारगाँव, मटिया, पाहन्दा, अछोली, जमघट पहुँचने पर भक्तगणों द्वारा काँवारियों का फूल वर्षा करते हुए स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, लक्ष्मीलता वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रीतम चन्देल, कल्याणी साहू सहित सैकड़ों भक्तगणों द्वारा बाजे-गाजे की धुन में शरबत व जल पिलाते हुई यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं, जब काँवारिया सोमनाथ पहुंचते ही अपने अपने काँवर में संगम नदी से जल मिलाते हुए बाबा सोमनाथ में जल अर्पित किया गया। उसके बाद आयोजन समिति द्वारा भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई।

### कांवड़ यात्रा में शिव, नंदी और अघोरी की आकर्षक झांकी देखने उमड़े लोग



### आसपास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालु हुए शामिल

सभी शिव भक्त के इस धार्मिक काँवर यात्रा को भव्य बनाने में आस पास के गाँव, गुधेली, भिंभौरी, पिरदा, खुडमुड़ा, आनंदगांव, तेलगा, मुड़पार, बारगांव, बलौदी, पाहन्दा, आछोली जमघट, आदि गाँवों के शिवभक्त का व आयोजन समिती के सदस्य पोषण वर्मा, भोला शंकर वर्मा, यशवंत वर्मा, ताकेश्वर सोनी, रोहित वर्मा, समीर वर्मा, लोमस सेन निहाल परगनिहा राजेंद्र साहू दीपक यदु राजू राजपूत रामायण साहू जीतेन्द्र विश्कर्मा, लोकेश साहू ऋषि निर्मलकर,चमन पाटिल योगेश धीवर, चेतन साहू, सूरज वर्मा अंकित पचौरी,लक्ष्मीनाथ वर्मा, जीतेन्द्र साहू देवदत साहू आदि लोगों का सहयोग व विशेष सहयोग बेमेतरा विधायक दिपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकारिहा,जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य धनेश यदु, महेंद्र वर्मा, संध्या परगनिहा व आस पास के क्षेत्रवासियों का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से विशेष योगदान रहा।

### घटना : रतनपुर स्थित खूंटघाट डैम में मिली युवक की लाश

## निराशा में खोया धैर्य, पीएससी पास नहीं हुआ तो युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पीएससी की तैयारी करने बिलासपुर गया बैंक कर्मी का बेटा दो दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। इस बीच, सोमवार को रतनपुर खूंटघाट में उसकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घर की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट मिला है। उसमें तीन बार परीक्षा देने के बाद पीएससी की परीक्षा पास नहीं कर पाने पर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने मृतक का सुसाइड नोट जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, बेमेतरा के निवासी गणेश राम सिंह बैंक में काम करते हैं। उनका बेटा भेक सिंह 26 साल बिलासपुर स्थित दयालबंद के निजी हास्टल में रहकर पीएससी की तैयारी कर रहा था। 3 अगस्त को श्री सिंह अपने बेटे के मोबाइल में फोन लगा रहे थे, लेकिन वह रिसीव नहीं कर रहा था। इस पर वे घबरा गए और बिलासपुर शहर जाकर हास्टल में देखा तो रूम से उनका बेटा गायब था। दोस्तों से पूछताछ की तो उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर की। श्री सिंह ने बेटे की लापता होने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई।

### बिलासपुर में हॉस्टल में रहकर कर रहा था परीक्षा की तैयारी

#### माता-पिता से मांगी माफी

लाश मिलने के बाद पुलिस ने उसके रूम की तलाशी ली, तो वहां मृतक द्वारा लिखा सुसाइड नोट मिला है। उसमें उसने माता-पिता से माफी मांगते हुए लिखा है कि कई बार परीक्षा देने के बाद भी पीएससी की परीक्षा पास नहीं कर पा रहा हूं। मैंने आप लोगों के सभी सुझाव को गंभीरता से लेकर पढ़ाई की, परीक्षा पास नहीं करने के कारण आत्महत्या कर रहा हूं। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है।



#### रूम में मिला सुसाइड नोट

दो दिन से लापता छात्र की खूंटाघाट डेम में लाश मिली है। रूम की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने कई बार परीक्षा देने के बाद पीएससी की परीक्षा पास नहीं करने कारण आत्महत्या करने की बात लिखी है। सुसाइड नोट जब्त कर लिया गया है।


- रजनीश सिंह, रतनपुर टीआई

#### मछुवारों ने देखी लाश, बाहर निकालकर पुलिस को दी सूचना

पुलिस ने गुम इंसान का मामला कायम कर तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किया गया। इस दौरान उसके मोबाइल का लोकेशन रतनपुर मिला। पुलिस व परिजन ने रतनपुर क्षेत्र में उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। सोमवार को खूंटाघाट में मछली मारने के दौरान मछुवारों को डेम में एक युवक की तैरती हुई लाश दिखी। मछुवारों ने युवक की लाश को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर पतासाजी की तो मृतक की स्कूटी स्टैंड में खड़ी हुई मिली। वहीं, लाश लापता छात्र भेक सिंह साहू की निकली। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

## शिवसेना प्रदेश सचिव ने की जिला इकाई भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



- प्रदेश प्रमुख के निर्देश पर प्रदेश सचिव चौहान ने जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला बेमेतरा, कवर्धा, मुंगेली प्रभारी दाऊ राम चौहान ने प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देश पर जिले की सभी इकाइयों को भंग कर दिया है।

चौहान ने बताया कि पार्टी के पदाधिकारी मनीष वर्मा एवं उनके अन्य साथियों द्वारा पार्टी में अनुशासनहीनता व संगठन में कार्य न कर संगठन में विद्रोह किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं जिसकी जानकारी प्रदेश कार्यालय में दी गई। उसके बाद उपरांत प्रदेश प्रमुख के निर्देश पर बैठक लेकर तत्काल प्रभाव से जिले के संगठन को भंग कर दिया गया। आगामी 15 दिवस के भीतर पार्टी में संगठन को मजबूती बनाने के लिए नए पदाधिकारी की नियुक्ति कर प्रदेश कार्यालय को सूचित किया जायेगा। इसके साथ ही श्री चौहान ने यह चेतावनी भी जारी की है कि आदेश के विपरीत कोई भी शिव सैनिक जिले में अपनी अपनी गाड़ियों से शिवसेना का बोर्ड नेम प्लेट लगाया गया है, तो उसे तत्काल हटा दें एवं पार्टी के नाम से कोई भी पदाधिकारी अवैध वसूली करते हैं तो पार्टी द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

## चार चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**बालोद/गुण्डरदेही।** अंचल में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से तंग आ चुके आम नागरिकों और व्यापारियों के लिए थोड़ी राहत की खबर है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 29 लाख से अधिक के चोरी के सामान और नकदी रकम बरामद किया है। मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र में हुए चोरी के मामलों को लेकर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने 29 लाख 25 हजार रुपए से अधिक के कीमती सामान व नकदी रकम बरामद कर चार आदतन चोरों को पकड़ने की जानकारी दी।

### खबर संक्षेप

#### खंडसरा संकुल में हुई पालक-शिक्षक बैठक



**बेमेतरा।** खंडसरा संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन ग्राम प्रमुख शरद जोशी, सरपंच नरोत्तम जसवाल, नरेन्द्र वर्मा जिला परियोजना अधिकारी, शाला विकास समिति के बुधराम रजक, अशोक जयसवाल, शिक्षाविद पूनम चौहान के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ मां सरस्वती की पूजा वंदन के बाद स्वागत गीत के साथ पालकों का स्वागत किया। संकुल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करचुवा, चमारी, लवातारा, सिंगपुर, घनाडीह, खंडसरा के हाई स्कूल, मिडिल, प्राथमिक विद्यालय के पालक शिक्षक उपस्थित रहे। 4 घंटे चले कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य महेश साहू, अरविन्द सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन संकुल समन्वक लहर नेताम ने किया।

#### भाजपा का हर कार्यकर्ता जिले में तिरंगा फहराने में जुट जाएं : जैन

**देवकर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष रावल जैन हर घर तिरंगा अभियान के जिला प्रभारी बनाए गए। श्री जैन को भाजपा अल्पसंख्यक के मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। पूरे जिले में प्रभारी रावल जैन के नेतृत्व में उक्त अभियान चलाया जाएगा । प्रभारी नियुक्त होने के बाद उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मोर्चा के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को प्रदेश के सभी जिला स्तर पर समन्वय एवं कोऑर्डिनेशन कार्यक्रम के रूप में आयोजन किया जाना है। प्रदेश नेतृत्व ने इस अभियान की जिम्मेदारी जिस विश्वास से दी है, उसे जिले के पूरे कार्यकर्ताओं के साथ हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। श्री जैन ने जिले के सभी भारत माता के सपूतों से आह्वान किया है कि वे सब देश की तिरंगा का परचम लहराने में जुट जाएं।



#### जिला मनरेगा मेट संघ की बैठक कल

**बालोद।** जिला मनरेगा मेट संघ बालोद की बैठक 8 अगस्त सुबह 11 बजे सरयू प्रसाद स्टेडियम बालोद में आयोजित की गई है। बैठक में संघ को गति प्रदान करने के संबंध में विचार किया जाएगा। अनुभवी मेट साथियों द्वारा अपना अनुभव बताया जायेगा। अभी विगत दिनों मनरेगा द्वारा संचालित कार्य का मजदूरी भुगतान लंबित हैं तथा मेंट साथियों का मेट वाउचर का भी भुगतान लंबित है।

## टीएलएम छात्रों को गतिविधियों में अधिक सक्रिय व भागीदार बनाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- डाइट बेमेतरा में कक्षा प्रबंधन पर कार्यशाला में दी गई जानकारी

एससीईआरटी रायपुर एवं स्टरलाइट एड इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित टीचर एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत डाइट बेमेतरा में मंगलवार कक्षा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में छात्रों को कक्षा प्रबंधन कैसे करें, गतिविधि आधारित क्लास, शिक्षण योजना के महत्व, और टाइम मैनेजमेंट जैसे पहलुओं पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राध्यापकों को इंटर्नशिप में जाने से पूर्व कक्षा प्रबंधन के महत्व को समझाना था।



इंटर्नशिप के तहत डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों को प्राथमिक विद्यालय में 50 दिन का और पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 50 दिन का अध्यापन कार्य करना होता।

जिसमें क्रमशःशिक्षण योजना का महत्व एक शिक्षक के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन्हें अपने शिक्षण में संगठित और प्रभावी बनाती है। टीएलएम के महत्व के बारे में बताया गया। टीएलएम छात्रों को अधिक सक्रिय और भागीदार बनाता है, जिससे वे अपने शिक्षण में अधिक रुचि लेते हैं। जिसमें छात्राधायपकों को बताया गया कि वे कैसे अपने क्लास में उपस्थित सामग्री का उपयोग कर के शिक्षण कर सकते हैं। साथ ही साथ समय का प्रबंधन क्लासरूम में करने के लिए कितना महत्त्वपूर्ण है उसके लिए सुझाव दिए गए। समय सारणी बनाएं। क्लासरूम में समय का प्रबंधन करने के लिए, एक समय सारणी ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कैसे करें अपने उद्योगों का विस्तार, उद्यमियों को दिया गया प्रशिक्षण

### समाधान महाविद्यालय में जिल के उद्यमियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

समृद्धि विहार स्थित समाधान महाविद्यालय में एमएसएमई पीसीआई द्वारा जिला भर के उद्यमियों को लीन ट्रेनिंग प्रोग्राम के निमित्त प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षक कार्यक्रम में जिले भर के बड़ी संख्या में आए उद्यमियों को प्रशिक्षण देने दिल्ली से एमएसएमई पीसीआई के लीन प्रशिक्षण प्रमुख आंबेडकर कासरियां शामिल रहे ।

भारत सरकार द्वारा देश भर के सभी उद्योगपतियों को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा लीन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें उद्योगपति कैसे अपने उद्योग का विस्तार कर सके जैसे सभी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वप्रथम आम्बेडकर कासरियां ने लीन की उत्पत्ति एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला उसके बाद सभी उद्यमी किस तरह से लीन तकनीक का अपने उद्योग में उपयोग कर अपने उद्योग और अधिक व्यवस्थित कर अधिक आर्थिक लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं का प्रशिक्षण दिया ।



उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मंच श्री आंबेडकर के साथ एमएसएमई पीसीआई छत्तीसगढ़ के चेयरमैन भीमशंकर यादव, जिला उद्योग केंद्र बेमेतरा के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे । उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी उद्यमियों ने प्रशिक्षण की सराहना की एवं दिए गये लीन प्रशिक्षण के माध्यम से अपने उद्योग में सुधार कर अपने उद्योग को व्यवस्थित एवं पूर्व से अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाला उद्योग बनाने की बात कही । उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बेमेतरा के साथ साथ मुंगेली, कवर्धा, बलौदाबाजार एवं दुर्ग जिला के भी उद्यमी सम्मिलित हुए ।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उद्योग अधिकारी श्री निकुंज ने सभी उद्यमियों को संबोधित किए और इस लीन योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किए। एमएसएमई पीसीआई के चेयरमैन भीमशंकर यादव ने कहा कि हमारी टीम इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समूचे छत्तीसगढ़ में आयोजित करेंगे। इस कार्यक्रम के आयोजक एमएसएमई प्रोमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के वाइस चेयरमैन डॉ. अवधेश पटेल पटेल ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम हम ▶▶ शेष पेज 11 पर

### किसान अब 16 तारीख तक करवा सकते हैं फसल बीमा

**बालोद।** जिले में धान की फसल के साथ ही अन्य मौसमी फसलों का बीमा कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके कारण किसानों का फसल बीमा करवाने की तारीख अब आगामी 16 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इसके कारण किसानों को फसल बीमा कराने के लिए एक बार फिर मौका मिला है। किसानों द्वारा वर्तमान में धान के साथ ही मौसमी फसलों के तहत कोदो, रागी, मूंग, उड़द बोवाई की गई है, जिनका बीमा किया जा रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले के 57458 किसानों की कुल 1 लाख 20 हजार हेक्टेयर जमीन का बीमा किया जा चुका है। वहीं, जिले में किसानों द्वारा खरीफ फसल के लिए ऋण लेने का दौर भी जारी है।

### कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए दिशानिर्देश

## बेसिक स्कूल मैदान में होगा जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- समारोह में स्कूली बच्चे देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी स्वतंत्रता दिवस गरमामयी तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह जिला मुख्यालय बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान में प्रात 9 बजे से शुरू होगा। स्वतंत्रता दिवस को मनाने को लेकर कलेक्टर ने समारोह स्थल (बेसिक स्कूल परिसर) पर अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2023) के अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारण के संबंध में शासन से जारी दिशा-निर्देशों के तहत समारोह आयोजित करने के निर्देश थे।

उन्होंने बेसिक स्कूल मैदान की साफ़-सफ़ाई, रंगाई, पुताई आदि समय रहते पूरी करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अधिकांश विभागों के ज़िलाधिकारी उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन गरिमापूर्ण तरीके से होगा। पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बलों की टुकडिया, स्काउटगाइड, एन.सी.सी. परेड में हिस्सा लेंगे। इस बार जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न स्कूली बच्चों के देशभक्ति / संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर विभागों को दिए जाने वाले पुरस्कार एवं पदकों का भी वितरण किया जाएगा। ज़िला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच दोपहर 3 बजे फुटबॉल मैच का आयोजन होगा। 15 अगस्त के अवसर पर रात्रि में सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रौशनी की जाएगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह चूकि प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होगा। इसे देखते हुए जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का कार्यक्रम सुबह 8 बजे के पूर्व सम्पन्न कर लिया जाए। ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारीगण जिले के मुख्य समारोह में शामिल हो सके।



#### अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

समारोह के आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के संपूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी सीईओ जिला पंचायत होंगे। सहायक प्रभारी एसडीएम बेमेतरा को बनाया गया है। व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा बेरिकेटिंग के लिए बांस बल्ली के लिए वन विभाग से समन्वय कर व्यवस्था करेंगे। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का निर्धारण जिला परिवहन अधिकारी, पुलिस तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा गत वर्ष की भांति, जिस जिस विभाग को दायित्व दिए गए थे। इसी प्रकार सभी संबंधित विभाग समय रहते अपने-अपने दायित्व पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि समारोह में अतिथियों को आमंत्रित किया जाए।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411


## खबर संक्षेप

### रामजी ने कहा- कांग्रेसियों की राजनीतिक दुकान सनातन विरोधी



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कांवर यात्रियों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा किए जाने पर कांग्रेसियों की टिप्पणी को सनातन विरोधी प्रलाप बताकर तीखा हमला बोला है। श्री भारती ने कहा, दरअसल कांग्रेसियों की राजनीतिक दुकान सनातन विरोध और हिन्दुत्व के प्रति घृणा से सजी पड़ी है और रह-रहकर अपनी इन दुकानों में बैठकर सनातन संस्कृति के खिलाफ विष-वमन करते रहना कांग्रेसियों की लत में शुमार हो गया है। श्री भारती ने कहा, भूपेश सरकार के राज में इलाज के अभाव में प्रदेश के 39 हजार बच्चों की मौत से कलंकित कांग्रेस आज डायरिया के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाकर ओछी राजनीति कर रही है, जबकि प्रदेश की भाजपा सरकार इस बीमारी के प्रसार पर अंकुश लगाने के तमाम उपायों पर पूरी संजीदगी और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

### रीबा को अदाणी फाउंडेशन ने किया सम्मानित



**रायपुर।** राजधानी निवासी रीबा बेनी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ाने के लिए अदाणी फाउंडेशन ने प्रोत्साहित किया और खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक खेल सामग्री हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की है। विगत दिनों क्राइस्ट चर्च न्यूजीलैंड में 2024 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप के एपी इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रीबा ने टीम इवेंट में हिस्सा लिया था। इसमें उसने एपी के व्यक्तिगत इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। अदाणी समूह के कॉर्पोरेट अफेयर प्रमुख डॉ. प्रतीक पांडे ने शनिवार को रीबा बेनी और उनके परिवार से मिलकर उनके प्रयासों को सराहा और एक लाख एक हजार का चेक देकर सम्मानित किया। रीबा और उनके माता-पिता ने अदाणी फाउंडेशन का आभार जताया है।

### ठेलों के पास साफ-सफाई पर दें विशेष ध्यान

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को निगम मुख्यालय दफ्तर में फेरी वालों को बातचीत के लिए बुलाया। बैठक के दौरान उन्होंने फेरी वालों से कहा कि ठेले-गुमटियों के पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। प्रतिदिन ठेले का कचरा डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को सौंपें। सड़क पर गंदगी ना फैलाई जाये। श्री मिश्रा ने फेरीवालों से ये भी कहा कि किसी भी हालत में सड़क पर अवैध कब्जा नहीं करें, न ही ठेले के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने दें। निगम कमिश्नर ने वेंडरों से पीएम स्वनिधि योजना के तहत व्यक्तिगत एवं समूह ऋण लेने की जानकारी दी। आयुक्त ने शहरी आजीविका मिशन प्रभारी अधिकारी व मिशन मैनेजरों को निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत फेरी वालों को ऋण उपलब्ध कराने सहयोग करें। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने

# एमआईसी में गूंजा जलभराव का मुद्दा, तीन इलाकों में पानी निकासी की व्यवस्था लचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आवारा मवेशियों को रखने कम पड़ रहे गोठान, संख्या बढ़ाने राज्य शासन को जाएगा प्रस्ताव

शहर के रिहाइशी इलाकों में जलभराव की समस्या की गूंज सोमवार को गांधी सदन में आयोजित एमआईसी की बैठक में सुनाई दी। सदस्यों ने दानवीर भामाशाह वार्ड के मंगलबाजार, खालबाड़ा, संतराम दास वार्ड के कलिंग नगर सहित अन्य रिहाइशी क्षेत्रों में जल निकासी की लचर व्यवस्था पर नाराजगी जताई। जलभराव से लोगों के घरों में पानी भरने की समस्या को गंभीर बताते हुए बैठक में मौजूद सदस्यों ने इस पर तत्काल संज्ञान लेने की जरूरत बताई। चर्चा के बाद इन क्षेत्रों में जलभराव दूर करने कवर्ड नाली व पुलिया निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 64 लाख के प्रस्ताव को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, सतनाम पनाग, जितेंद्र अग्रवाल, सुंदर जोगी, समीर अख्तर, सुरेश चन्नावार, आकाश तिवारी, उपायुक्त कृष्णा खटिक, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित सभी जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता मौजूद रहे।

## अमृत मिशन के तहत नल कनेक्शन को नियमित करने सहमति




### गोठान की संख्या कम, मवेशी रखने जगह नहीं

शहर में नगर निगम द्वारा दो पालियों में प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में सड़क यातायात बाधित कर रहे मवेशियों को रखने गोठान की संख्या कम है। वहीं बंद पड़े गोठान को दोबारा शुरू कराने की जरूरत है। एमआईसी की बैठक में इस मुद्दे पर सदस्यों ने खुलकर चर्चा की। इसके साथ ही हाल ही में धरसींवा क्षेत्र, नवा रायपुर की सड़क पर मवेशियों के दुर्घटना पर चिंता जताते हुए स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, जितेंद्र अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने परिषद की ओर से इस संबंध में राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने का सुझाव दिया। महापौर एजाज ढेबर ने इस पर सहमति व्यक्त करते हुए शहर में गोठान की संख्या बढ़ाने और बंद पड़े गोठानों को दोबारा शुरू कराने, कांजी हाउस, गोठान में मवेशियों के चारा के लिए मिलने वाली अनुदान की राशि बढ़ाने एक प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया।

## किसानों की मांग- बांधों का अतिरिक्त पानी नहरों में छोड़ा जाए

# नौ जिलों में औसत से कम बारिश कई तहसीलों में सूखे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- किसानों की मांग- बांधों का अतिरिक्त पानी नहरों में छोड़ा जाए



आषाढ़ में अवर्षा की स्थिति के कारण पनपे अकाल की संभावना पर सावन में अभी तक हुई बारिश ने फिलहाल विराम लगा दिया है, पर इस बारिश के बाद भी प्रदेश की कई तहसीलों में स्थिति बेहतर नहीं है। छत्तीसगढ़ में पिछले दिनों हुई बारिश के बावजूद 9 जिले ऐसे हैं, जहां कम बारिश हुई है। इन जिलों की कई तहसील ऐसी हैं, जहां पर 40 प्रतिशत से अधिक बारिश हुई है। राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नौ जिलों की लगभग 30 तहसीलों में कम बारिश के कारण यहां पर सूखे की आशंका जताई जा रही है। खरीफ फसलों की बोनी में भी यह तहसील पिछड़ गई हैं।

इन जिलों में सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, महासमुंद, सारंगढ़-बिलाईगढ़ू जांजगीर-चांपा, सक्ती, दुर्ग और बेमेतरा जिला शामिल है। यहां अब तक होने वाली बारिश के औसत से काफी पीछे है। राजस्व विभाग के अनुसार सरगुजा जिले में मात्र 66 प्रतिशत बारिश हुई है। यहां के 8 में से 6 तहसील ऐसे हैं जहां पर 42 ये 61 प्रतिशत तक बारिश हुई है। यहां के दरिमा तहसील में सबसे कम बारिश 307 मिमी दर्ज की गई है। जो औसत का 42 प्रतिशत हैं। इसके अलावा अंबिकापुर में 308 मिती, लखनपुर में 280 मिमी, उदयपुर तहसील में 285 मिमी, बतौली में 307 मिमी, और सीतापुर में 361 मिमी बारिश हुई है। वहीं जशपुर जिले में फरसाबहार, पत्थलगांव और जशपुर तहसील में कम बारिश हुई है। आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो इन तहसीलों को सूखे की मार झेलनी पड़ सकती है। जिला प्रशासन इन तहसीलों के बारिश पर नजर रखे हुए हैं।

### बेमेतरा और दुर्ग में 9 तहसील प्रभावित

*बेमेतरा और दुर्ग जिले में 9 तहसील में कम बारिश होने की वजह से यहां पर फसल की बोनी पिछड़ गई है। दुर्ग जिले में धमधा, भिलाई-3, बोरी और दुर्ग तहसील में कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं बेमेतरा जिलें में 6 तहसील ऐसी है जहां पर अब तक की औसत बारिश कम हैं। इनमें थान खम्हरिया, नवागढ़ूर, बेमेतरा, बेरला, नांदघाट और पिथौरी तहसील शामिल है। महासुमंद जिले मे कोमाखान और सरायपाली में कम बारिश की स्थिति से किसान चिंतित हैं।*

### पानी की कमी वाले गांवों को मिलेगी सिंचाई सुविधा

किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से मांग की है कि बारिश की वजह से बांधों में जल भराव की स्थिति काफी बेहतर हुयी है और कई बांधों से जहां भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी-नालों में छोड़ा जा रहा है वहीं कई बांधों से छोड़े जाने के कगार पर है। इस अतिरिक्त पानी को नदी-नालों में न छोड़ व्यापक किसान हित में नहरों में छोड़ा जाए। उन्होंने कहा, बांधों के कमांड क्षेत्र में आने वाले सिंचाई पानी के कमी वाले ग्रामों को पानी मिल सकेगा। जरुरत होने पर अन्य माइनरों व वितरक शाखाओं के किसान भी इसका उपयोग करने के साथ-साथ तालाबों को भी भर सकेंगे।

## ओपीएस का विकल्प चुनने वाले सरकारी कर्मियों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक जिन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस का विकल्प चुना था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। जानकार सूत्रों के अनुसार ऐसे कर्मचारी अधिकारी जो रिटायरमेंट के करीब हैं, उनके प्रकरण ओपीएस के लिए बनने शुरू हो गए हैं। खास बात ये है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने ओपीएस लागू करने के बाद कर्मियों को ओपीएस या एनपीएस (नई पेंशन योजना) में से किसी एक का विकल्प चुनने कहा था। राज्य के 97 प्रतिशत अधिकारियों कर्मचारियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था।

### पेंशन योजना पर था संशय

राज्य में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद इस बात को लेकर संशय बना था कि राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू होगी या नहीं। या पिछली सरकार का निर्णय बदलकर फिर से नई पेंशन योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने इस मामले में पिछली सरकार के निर्णय और कर्मियों द्वारा चुने गए विकल्प को ही मान्य किया है। इस तरह राज्य में ओपीएस का विकल्प चुनने वाले 97 प्रतिशत कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ ही मिलेगा यह तय है।

### खुद कर्मियों ने ही चुनी ओपीएस

पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने का निर्णय लिया था। लेकिन इसके साथ ही सरकार ने यह तय किया था कि वह इस निर्णय पर अपने अधिकारियों कर्मचारियों की राय को तवज्जो देगी। इसके लिए सरकार ने कर्मियों के सामने दोनों पेंशन योजना के विकल्प रखे थे। 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस तथा तीन प्रतिशत ने एनपीएस का विकल्प चुना था। इसके साथ ही तय हो गया था कि राज्य के शासकीय सेवकों को ओपीएस का लाभ मिलेगा।

### एनएसडीएस से रकम की वापसी

प्रदेश के शासकीय कर्मी जो एनपीएस के सदस्य थे, उनके अंशदान की राशि एनएसडीएल संस्था में जमा होती थी। पिछली सरकार ने जब ओपीएस लागू करने का निर्णय लिया तभी एनएसडीएल के पास जमा राज्य के कर्मियों के 17 हजार 200 करोड़ रुपए वापस मांगे गए थे, लेकिन तत्कालीन केंद्र सरकार ने यह राशि देने से इनकार किया था। यह कहा गया था कि यह राशि वापस देने का कोई प्रावधान नहीं है।

## कांवड़ यात्रा और स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रमों की तैयारियों पर मूणत ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने सोमवार को चौबे कॉलोनी स्थित अपने निवास कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में कांवड़ यात्रा और स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। राजेश मूणत की अगुवाई में 14 अगस्त को रायपुर पश्चिम विधानसभा, भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल बाईक रैली के पश्चात भारत माता चौक पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। श्री मूणत ने बताया, 14 अगस्त को सर्वप्रथम साइंस कॉलेज के निकट पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के सामने से तिरंगा रैली में महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या ने शामिल होंगे।

यात्रा का अंतिम पड़ाव भारत माता चौक गुढ़ियारी होगा, जहां भारत माता की आरती का कार्यक्रम आयोजन होगा। श्री मूणत ने बताया, इसके बाद सावन के इस पवित्र माह में 18 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ताओं और शहर के आम नागरिकों के द्वारा भगवान भोले नाथ की भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी।

## केदार कश्यप ने सुनीं समस्याएं और दिए निराकरण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहयोग केंद्र में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री, मंत्री और भाजपा पदाधिकारी समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं।

भाजपा के मंत्री लगातार सहयोग केंद्र में लगातार शामिल हो रहे हैं और समस्याओं एवं आवेदन का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। सोमवार को प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप जनसहयोग केंद्र पहुंचे। जनसमस्याओं को सुनकर उसके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर उचित दिशा निर्देश दिए। श्री कश्यप ने बताया कि सहयोग केंद्र में विभागीय समस्यों के साथ अन्य विभाग से जुड़े मुद्दे भी आ रहे हैं। प्रमुख रूप से सहकारिता से जुड़े कांग्रेस शासन के अनियमितताओं पर सूक्ष्मता से जांच के आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सार्वजनिक मंच, मंदिर, सड़क निर्माण, सामाजिक हित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों पर उचित एक्शन लेने के लिए अधिकारियों से कहा गया है। सहयोग केंद्र में प्रदेश महामंत्री विकास महतो, रूपनारायण सिन्हा, विजय शंकर मिश्रा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# परिसीमन की सूचना मिलने के बाद मतदाता सूची बनाने में जुटा निर्वाचन आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




नगरीय निकाय चुनाव को लेकर वार्डों के परिसीमन का प्रकाशन होने के बाद निर्वाचन आयोग को सूचना दे दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने वार्डों के सीमांकन और परिसीमन के बाद यहां की मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची के आधार पर निर्वाचन आयोग निकाय चुनाव के लिए इसका पुनरीक्षण का कार्य शुरू करेगा। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया अगले माह से शुरू होगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अक्टूबर तक पूरा होने की संभावना है।

नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए मतदाता सूची की तैयार करने के साथ ही मतदान केन्द्र और मतदान कर्मियों की आवश्यकता और व्यवस्था, वार्डों का आबादी के हिसाब से परिसीमन किया गया है। ज्यादा आबादी वाले वार्डों के मतदाता का नजदीक के कम आबादी वाले वार्डों में समायोजन किया गया। जनगणना 2011 के जनसंख्या संबंधी आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नये सिरे से वार्डों का परिसीमन किया गया। परिसीमन से कई वार्ड के सीमाएं घटी तो कई सीमाएं बढ़ी हैं। निर्वाचन आयोग इसके आधार पर इन वार्डों के समायोजन के बाद नई मतदाता सूची बनाएगी।

### वार्डों का आरक्षण नगरीय निकाय विभाग तय करेगा

परिसीमन के बाद नगरीय निकाय विभाग वार्डों में आरक्षण तय करेगा। पिछले चुनाव में विभाग ने लाटरी सिस्टम से आरक्षण तय किया था। सामान्य, सामान्य महिला, अनुसूचित जाति, जनजातियों एवं पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण तय होंगे। प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर और नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए भी आरक्षण लागू रहेगा। वहां की जनसंख्या में किस जाति का प्रतिशत कितना है, उसके आधार पर यह तय किया जाएगा।

### नवंबर-दिसंबर में चुनाव

निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय चुनाव नवंबर-दिसंबर में कराएं जाएंगे। नवंबर के दूसरे सप्ताह से से नामांकन शुरू होगा। वहीं दिसंबर में चुनाव के लिए मतदान के बाद माह के अंतिम सप्ताह में राज्य के सभी नायों के चुनाव परिणाम आएंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार बैलेट पेपर से ही निकाय चुनाव होगा। बताया जाता है कि आयोग के पास पर्याप्त मात्रा में इवीएम न होने के कारण पुराने ढंग से ही वुनाव कराए जाएंगे।

## स्वर्वेद कथा में शामिल होने के लिए सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विहंगम योग संत-समाज द्वारा आयोजित स्वर्वेद कथा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संस्थान के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मानेश्वर नाग ने आभार जताया है। इस मौके पर श्री नाग ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विहंगम योग संत समाज द्वारा स्थापना के शताब्दी समारोह के पावन अवसर के निमित्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है।

BHILAI INSTITUTE OF TECHNOLOGY, DURG
(Seth Balkrishan Memorial) BHILAI HOUSE, DURG – 491 001 (CG)
Phone: (0788) 2359297, 2359163; Mobile: 9171962222
E-mail: bit@bitdurg.ac.in
ASPIRE TO EXCEL ESTD. 1986
No. BIT/2024/SC/01 Date : 30.07.2024
ADMISSION NOTIFICATION: 2024-25

| P.G. COURSES - 2 YRS. (SPONSORED CATEGORY) | U.G. COURSES FOR WORKING PROFESSIONALS |
| --- | --- |
| M. Tech. • Structural Engineering • Electrical Power & Energy System • Data Sciences • Electrical Vehicle & Technology • Environmental Science & Engg. | B. Tech. • Civil Engg. • Mechanicle Engg. • Computer Sc. & Engg. (CSE) 1st Time in Chhattisgarh for Working Professionals. Eligibility criteria will be announced shortly. Contact: 9171962222 |

Eligibility : As per DTE norms; Experience : Minimum 2 Years working experience after graduation; Application form and details can be downloaded from Institute's website (www.bitdurg.ac.in). Last date for registration is 24.08.2024.
Deepak Ad.
PRINCIPAL

सलीम राज बोले

## वक्फ संशोधन देश के मुसलमानों को न्याय देने वाला कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा नेता डॉ. सलीम राज ने केन्द्र की एनडीए सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधन का स्वागत करते हुए कहा, यह कानून देश के गरीब मुसलमानों को न्याय देने वाला कानून है।

वक्फ एक्ट में संशोधन एवं सुधार समय के अनुसार होना चाहिए। वर्तमान में जो विसंगतियां है उसे दूर किए जाने के लिए यह कानून लाया जा रहा है। उन्होंने कहा, वक्फ बोर्ड गरीब मुसलमानों के उत्थान के लिए बनाया गया था। वक्फ संपत्ति को अल्लाह की संपत्ति माना जाता है। उसके विपरीत वक्फ एक्ट की शक्तियों का सिर्फ दुरुपयोग ही हो रहा है। देश के संघराज्य एवं राज्य वक्फ बोर्डों को प्राप्त असीमित अधिकार एवं शक्तियों के कारण यह मजहबी जमींदारी, भ्रष्टाचार एवं भूमाफियाओं को संरक्षण दे रहा है। वर्तमान वक्फ एक्ट पूरी तरह से निरंकुश है और इससे आम मुसलमानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है। संशोधित वक्फ कानून जमींदारी की दादागिरी तथा भूमाफिया एवं अतिक्रमणकारियों पर नकेल कसने वाला कानून है।






## खबर संक्षेप

### स्कूल सफाई कर्मियों की बैठक आज, बनेगी हड़ताल की रणनीति

**रायपुर।** सरकारी स्कूलों में कार्यरत अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी 7 अगस्त को राजधानी के कलेक्टोरेट गार्डन में बैठक करेंगे। प्रदेश स्तरीय बैठक में संघ की मांगों को लेकर दिल्ली में हड़ताल, प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। लामबंद अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विगत 14 वर्षों से कार्यरत हैं। उनकी संख्या प्रदेशभर में करीब 43 हजार है। कार्य के एवज में उन्हें प्रतिमाह 3 हजार से 3300 रुपए तक भुगतान किया जाता है। स्कूलों में केवल 2 घंटे काम के निर्धारित हैं, परंतु भृत्य, चपरासी (चतुर्थ श्रेणी) के पद खाली होने के कारण चपरासी चतुर्थ श्रेणी के सभी काम उन्हें करने पड़ते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व वेतनवृद्धि को लेकर जन घोषणापत्र में शामिल किया, पर जुलाई के मानसून सत्र के बजट में इसे शामिल नहीं किए जाने से अंशकालीन सफाई कर्मचारी नाराज हैं।

### बेटी बचाओ मंच ने निकाली कांवर यात्रा



**रायपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को संजय नगर बेटी बचाओ मंच ने बोल बम कांवर यात्रा निकाली। यह यात्रा संजय नगर स्थित शिव मंदिर से जल लेकर निकाली गई। इस मौके पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने धर्मध्वज लहराकर कांवरियों को रवाना किया। कांवर यात्रियों ने बोल बम के जयकारे के साथ महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक तथा भोजन प्रसादी के साथ यात्रा का समापन किया। यात्रा में संजना तिवारी, स्वरा मिश्रा आदि शामिल हुए।

### खदानें बंद, भंडारण से होने वाली सप्लाई प्रभावित

**रायपुर।** बारिश के दिनों में रेत की कीमत आसमान छूने लगी है। बारिश का सीजन शुरू होते ही 15 जून से 10 अक्टूबर तक रेत खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। खदानों के बंद होने से रेत की कीमत पर उछाल देखा गया था, जिससे रेत 20 से 25 हजार रुपए हाईवा तक पहुंच गई थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से हाईवा संघ के हड़ताल पर जाने से भंडारण की गई रेत की सप्लाई भी पूरी तरह प्रभावित है, जिससे बाजार से रेत गायब हो चुकी है। इस कारण से रेत की कीमत और बढ़ गई है। इधर ट्रेडर्स दुकानों के माध्यम से रेत का थोक व चिल्हर के ज्यादातर कारोबारी रेत की सप्लाई नहीं होने से रेत का ऑर्डर लेना ही बंद कर दिए हैं। जिले में आरंग एवं अभनपुर क्षेत्र में कई जगहों पर रेत का अवैध भंडारण किया हुआ है। भंडारण करने वाले रेत माफिया डिमांड पर रेत बेचकर हर दिन मोटी रकम की कमाई कर रहे हैं, लेकिन खनिज विभाग अब तक अवैध भंडारण करने वालों पर कार्रवाई नहीं की है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिन्हें अनुमति दी है उन्हीं ठेकेदारों ने ही रेत का भंडारण किया है।

# वाहनों में पैनिक बटन-वीएलटीडी बगैर नहीं मिलेगा फिटनेस सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यात्री बस तथा अन्य सार्वजनिक वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी), पैनिक बटन लगाने वाली एजेंसी की परिवहन सचिव एस. प्रकाश ने एक बैठक ली। परिवहन सचिव ने एजेंसी को यात्री वाहनों में केंद्र सरकार के तय मानकों के अनुसार वीएलटीडी तथा पैनिक बटन लगाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि बसों में पैनिक बटन तथा वीएलटीडी की मॉनिटरिंग करने डॉयल-112 में कमांड सेंटर बनाया जाएगा। डॉयल-112 में कमांड सेंटर अब तक नहीं बन पाया है, ऐसे में वीएलटीडी तथा पैनिक बटन लगाए जाने को लेकर वाहन मालिक प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 के पूर्व वाहनों में वीएलटीडी तथा पैनिक बटन लगाने का अधिकार राज्यों को दिया था। केंद्र के आदेश के मुताबिक, राज्य सरकार ने मार्च में एक आदेश जारी कर वर्ष 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में वीएलटीडी तथा पैनिक बटन लगाना अनिवार्य किया है।

### परिवहन सचिव ने वीएलटीडी, पैनिक बटन लगाने वाली एजेंसी की ली बैठक

- शासन के आदेश के मुताबिक वर्ष 2019 के पूर्व के सभी वाहनों में पैनिक बटन, वीएलटीडी लगवाना अनिवार्य



#### बगैर वीएलटीडी, पैनिक बटन फिटनेस जांच नहीं

बस संचालकों को अपनी बसों में वीएलटीडी तथा पैनिक बटन लगवाने परिवहन विभाग उन्हें नोटिस देने के साथ ही समझाइश दे रही है। जो बस ऑपरेटर अपनी बसों में पैनिक बटन नहीं लगवाएंगे, उन बसों को फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं जारी करने की बात परिवहन विभाग के अफसर कह रहे हैं।

#### ट्रेन की तरह मोबाइल एप से बसों का लोकेशन

वीएलटीडी तथा पैनिक बटन पूरी तरह से चालू होने के बाद लोग ट्रेन की तरह बस की लाइव लोकेशन मोबाइल एप के माध्यम से जान सकते हैं। इससे लोगों को अपने गंतव्य तक जाने बस के आने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसका लाभ लंबी दूरी के बस यात्रियों को मिलेगी।

#### इन एजेंसियों को इम्पैनल किया गया

वाहनों में वीएलटीडी लगाने जो एजेंसी तय की गई है, उनमें दो रायपुर, एक दिल्ली तथा एक हरियाणा की कंपनी है। इनमें दिल्ली की कंपनी अटलांटा सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर की वॉल्टी लॉट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा हिसार की जीआरएल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड तथा रोसमेर्टा ऑटोटेक लिमिटेड का नाम शामिल है। परिवाहन विभाग ने बस ऑपरेटरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एजेंसियों तथा एजेंसियों के डीलरों के नाम व मोबाइल नंबर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों की मांग, प्रस्ताव वापस ले नगर निगम

# निगम ने तय किया पार्किंग शुल्क तो विरोध में ट्रक मालिकों ने निकाली रैली, आयुक्त को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर बसने के बाद वहां कई तरह की अव्यवस्था है। इसमें सुधार एवं पार्किंग को व्यवस्थित करने के लिए बिरगांव निगम ने 8 दिन पहले सामान्य सभा में ट्रांसपोर्ट नगर से पार्किंग शुल्क लेने की सहमति बनाई। इसके बाद से ट्रक मालिकों व व्यावसाय करने वाले विभिन्न संगठनों ने आपत्ति दर्ज कराने की सहमित बनाने के बाद सोमवार को प्रस्ताव के विरोध में व्यास तालाब से रैली निकाली। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय को ज्ञापन देते हुए ट्रक मालिकों ने प्रस्ताव को वापस लेने की मांग रखी है।

ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा में व्यावसाय करने वाले सुखदेव सिंह सिद्धू, सुभाष कुंडू, हरिशंकर मिश्रा, शेषनाथ तिवारी ,नीरज दुबे ,कमलजीत सिंह और रिंकू सिंह की अगुवाई में सैकड़ों ट्रांसपोर्टर निगम के प्रस्ताव का विरोध करने निकले। विभिन्न संगठन से जुड़े लोग व्यास तालाब चौक से बिरगांव निगम तक पार्किंग शुल्क वसूलने लिए गए फैसले को वापस लेने मांग को लेकर रैली के रुप में नारेबाजी करते मुख्यालय पहुंचे।



निगम द्वारा सामान्य सभा में पास किए गए प्रस्ताव के तहत ट्रांसपोर्ट नगर में सभी गाड़ियों से पार्किंग शुल्क रोज 200 से 300 रुपए लेना तय किया है। इसके विरोध में रायपुर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, मैकेनिक मित्र संगठन रायपुर, बस्तर कोरापुट परिवहन संघ व रायपुर मोटर मर्चेंट एसोसिएशन ने निगम आयुक्त को ज्ञापन देते हुए प्रस्ताव को वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया।

#### अविलंब वापस लें प्रस्ताव

ज्ञापन में प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा गया है कि रावांभाठा के ट्रांसपोर्ट नगर में व्यावसाय करने वाले पहले ही आरडीए को भू-भाटक, निगम को संपत्तिकर व यूजर चार्ज सामान्य से तीन गुना ज्यादा दे रहे हैं। काम मिलने व न मिलने की अनिश्चितता के बीच रोजी निकालने की चुनौती है। ट्रक मालिक, मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, टायर रिपेयरिंग, लेथ का काम करने व चाय नाश्ता बेचने ही नहीं ढाबा चलाने वालों का व्यावसाय पार्किंग शुल्क लगाने से प्रभावित होगा। ऐसा शुल्क प्रदेश के किसी भी ट्रांसपोर्ट नगर में लेने का प्रावधान नहीं इसलिए भी इसे अविलंब वापस लिया जाए।

### पीएटी के परिणाम जारी

# प्रारंभ होगी कृषि पाठ्यक्रमों के लिए अब काउंसिलिंग

- 23 हजार 813 छात्रों ने दिलाई थी पीएटी व पीवीपीटी, 9 जून को हुई थी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पीएटी तथा पीवीपीटी के परिणामों की घोषणा सोमवार को कर दी गई है। नतीजों की घोषणा होने के बाद अब कृषि पाठ्यक्रमों के लिए काउंसिलिंग मौजूदा माह से प्रारंभ हो जाएंगे। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 9 जून को आयोजित की गई थी। इसके बाद 27 जून को मॉडल आंसर जारी कर 4 जुलाई तक दावा-आपत्ति मंगाई गई थी। 23 हजार 813 छात्रों ने यह परीक्षा दिलाई थी। व्यापम ने प्रश्नपत्रवार भी अंक जारी किए हैं। 150 अंकों की यह परीक्षा हुई थी। 116.36 अंकों के साथ गौरव चौहान पहले स्थान पर रहे हैं। तीन छात्रों ने शून्य अंक प्राप्त किए हैं। व्यापम ने पीडीएफ फॉर्मेट में विस्तृत परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी है।

इसके अलावा व्यापम ने बीएससी नर्सिंग के मॉडल आंसर जारी कर दावा आपत्ति मांगे हैं। व्यापम ने 32 जिला मुख्यालयों में 14 जुलाई को नर्सिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की थी। 12 अगस्त तक मॉडल आंसर पर दावा-आपत्ति मांगी गई है। इसके पश्चात अंतिम परिणामों की घोषणा कर जाएगी। मॉडल आंसर सहित दावा आपत्ति से संबंधित नियम कैंडिडेट्स व्यापम की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

#### स्नातकोत्तर में प्रवेश पहले ही

कृषि विवि के अंतर्गत संचालित कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश पीएटी में प्राप्त अंकों के आधार पर मिलते हैं। इसलिए कृषि पाठ्यक्रमों में अब तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। परिणाम जारी होने के बाद जल्द ही काउंसिलिंग शेड्यूल जारी होने की संभावना है। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश पीएटी के माध्यम से होंगे। स्नातकोत्तर में प्रवेश स्नातक अंकों के आधार पर दिए जाते हैं। अतः इसके लिए काउंसिलिंग पहले ही पूर्ण की जा चुकी है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की 458 सीटों में से 437 सीटें काउंसिलिंग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आबंटित कर दी गई हैं। शेष सीटों के लिए ऑन स्पॉट काउंसिलिंग 6 व 7 अगस्त को रखी गई है।

# तीन माह का वेतन नहीं मिलने की शिकायत बेजा कब्जा और जलभराव की समस्या

- कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर जनदर्शन में सोमवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इनमें कोई तीन माह से वेतन नहीं मिलने, कोई बेजा कब्जा हटाने तो कोई जलभराव जैसी समस्या लेकर पहुंचा। कलेक्टर गौरव सिंह ने बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में रायपुर के उद्यानों में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। कर्मचारियों ने कलेक्टर को आवेदन पत्र देते हुए बताया कि उन्हें तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण उनका परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कलेक्टर ने इस मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार तिल्दा के बहराडीह निवासी तोरन ने बेजा कब्जा हटाने, रवि शर्मा ने वामनराव लाखे वार्ड में जलभराव की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया।



पारागांव अभनपुर निवासी फूलबासन वर्मा ने सामान्य राशनकार्ड को अंत्योदय राशन कार्ड में बदलने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कार्रवाई करने का तत्काल निर्देश दिया। बतरसी निवासी सुषमा यादव ने ग्राम पंचायत सहायिका पद के लिए आवेदन दिया था। उनको नियुक्ति मिल गई है, आदेश की कापी नहीं मिली। कलेक्टर ने सभी शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

# सरकारी कर्मियों को 4 प्रतिशत डीए एरियर्स की घोषणा हो सकती है 15 को

- कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन को उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक 4 प्रतिशत डीए और एरियर्स बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलित हैं, लेकिन अब ऐसी संभावना है कि उन्हें ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि 15 अगस्त स्वंत्रतता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस संबंध में घोषणा कर सकते हैं। हालांकि कुछ दिनों पहले कर्मचारी संगठनों ने डीए की मांग को लेकर वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की थी, उन्होंने जल्द ये मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था।

#### कर्मचारियों की ये मांगें

फेडरेशन के मुताबिक भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 % वृद्धि कर साथ 50 % डी ए स्वीकृत करने; प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने; भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिये जाने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता;भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने के मुद्दा शामिल है।

# स्टील उद्योग अभी बंद ही रहेंगे, सरकार से चर्चा के बाद होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भर के स्टील उद्योगों को सोमवार को हुई बैठक में अभी फिलहाल तब तक बंद रखने का फैसला किया गया है, जब तक प्रदेश सरकार से चर्चा के बाद समस्या का हल नहीं निकल जाता है। शनिवार को डिप्टी सीएम विजय शर्मा के साथ सार्थक चर्चा के बाद एक बार तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति में एक बार फिर से चर्चा होनी है। इसी का इंतजार है। इस चर्चा के बाद प्रदेश सरकार के फैसले के बाद आंदोलन को लेकर कोई फैसला किया जाएगा। इधर एसोसिएशन ने अडाणी कॉर्पोरेशन को पत्र लिखकर बिजली मांगी है।

सोमवार को स्टील उद्योगों ने एक निजी होटल बैठक करेक आगे की रणनीति पर चर्चा की। मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुकेश पांडे, महासचिव मनीष धुप्पड़ अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन एसोसिएशन अनिल नचरानी, अनिल अग्रवाल एवं अध्यक्ष फेरो अलॉयज एसोसिएशन धरमवीर नचरानी की उपस्थित में बैठक में बताया गया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कहने पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा के साथ एक बैठक में सार्थक चर्चा हुई है। उपमुख्यमंत्री ने हमारा पक्ष को सुना और अपनी ओर से सकारात्मक सहयोग देने की बात कही है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। सदस्यों से सुझाव आया कि वर्तमान परिपेक्ष में इस बिजली दरों में स्टील उद्योग चलाना संभव नहीं है और इस आंदोलन को अभी जारी रखना जरूरी है। इसलिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अभी प्लांटों के बंद को जारी रखेंगे। बैठक में संजय त्रिपाठी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन ने आंदोलन में पूर्ण सहयोग करने की बात कही एवं आवश्यकता पड़ने पर छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के सदस्यों को भी अपना प्लांट बंद कर आंदोलन में पूरा साथ देने की बात कही। साथ ही साथ रायगढ़ एवं वायर राड के स्टील उत्पादकों से बात करके हमारे इस आंदोलन में अपनी भागीदारी निभाने के लिए आग्रह करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।



**स्पंज आयरन एसोसिएशन ने अडाणी से मांगी बिजली :** छग स्पंज आयरन एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नचरानी ने अडाणी कॉर्पोरेशन को पत्र लिखकर स्पंज आयरन उद्योगों के लिए 1 हजार से 1500 मेगावाट बिजली की मांग की है।

### पेज 9 के शेष

#### टीएलएम छात्रों को ...

बनाएं जिसमें प्रत्येक गतिविधि के लिए निर्धारित समय हो। प्राथमिकता निर्धारित करें। क्लासरूम में प्राथमिकता निर्धारित करें कि कौन सी गतिविधियाँ सबसे महत्वपूर्ण हैं और उन्हें पहले पूरा करें। समय का उपयोग कुशलता से करें आदि विषयों से संबंधित जानकारी छात्राध्यापकों के साथ साझा की गई। कार्यशाला का संचालन स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन की रिसोर्स परसन मंदाकिनी शर्मा ने किया। इस कार्यशाला में डाइट बेमेतरा से वरिष्ठ व्याख्याता डॉ बसुबंधु दीवान, पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी, कीर्ति घृतलहरे, जी एल खुटियारे, श्रद्धा तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यशाला छात्राध्यापकों के लिए बहुत ही रुचिकर रही और उन्हें कक्षा प्रबंधन के महत्व को समझने में मदद करेगी।

#### कैसे करें अपने उद्योगों ...

सभी टीम मिलकर पूरे छत्तीसगढ़ में आयोजित करेंगे और सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्यमों की बेहतरी के लिए केंद्रीय समिति के दिशा निर्देश अनुसार कार्य करेंगे। वाइस चेयरमैन सुमन मुथा, यश मनहर बिलासपुर, गोपी कश्यप धमतरी, बेमेतरा जिला चेयरमैन मनोज वैष्णव, वाइस चेयरमैन केशव साहू,अनिल वर्मा एवं लगभग 50 से अधिक उद्यमी शामिल हुए। सभी ने इस प्रशिक्षण को अपने उद्यम को और अधिक सफल ओर बेहतर बनाने के लिए उपयोगी और आवश्यक बताया।



